क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
शनिवार– 08.10.2023
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस संपन्न।
- प्रदेश की प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को पेट्रोल और डीजल पंप खोलने तथा गैस एजेंसी संचालन के लिए लाइसेंस दिए जाएंगे।
- देहरादून में आयोजित 15वें आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम में चार राज्यों के 200 आदिवासी युवाओं ने हिस्सा लिया।
- चमोली में कल राज्य स्तरीय बाल विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस

देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित दो दिवसीय 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस आज संपन्न हो गई। शनिवार को आरंभ हुई साइंस कांग्रेस के दूसरे और अंतिम दिन आंतरिक सुरक्षा और सोशल मीडिया की चुनौतियां विषय पर विशेषज्ञों ने गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया का प्रयोग करते हैं। देश की आंतरिक सुरक्षा को प्रभावित करने और विदेश ताकतों द्वारा अपने हितों के लिए निर्धारित एजेंडा फैलाने के लिए भी सोशल मीडिया को माध्यम बनाया जा रहा है। पुलिस की ओर से सोशल मीडिया पर सकारात्मक संदेशों के प्रसार, फैक्ट चेक इकाईयों की स्थापना, सोशल मीडिया ग्रुप पर लगातार पैनी नजर रखने पर जोर दिया गया। इससे पहले, उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने देशभर से आए प्रतिनिधियों के साथ पुलिस टेक एग्जीबिशन का भ्रमण किया। उन्होंने मेक इन इंडिया योजना के तहत उच्च व स्वदेशी तकनीक से निर्मित स्मार्ट वेपन्स व अन्य उपकरणों को पुलिस आधुनिकरण में सम्मिलित करने पर जोर दिया।

बैठक

प्रदेश की सभी प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को पेट्रोल और डीजल पंप खोलने तथा गैस एजेंसी का संचालन करने के लिए लाइसेंस दिए जाएंगे। साथ ही राज्य की सभी 670 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर भी खोले जांएगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ प्रदेश में सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश के हर जिले की पांच प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खोलने का निर्णय भी लिया गया।

मुख्यमंत्री संबोधन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वैज्ञानिक आधार पर राज्य की बरसाती नदियों को ग्लेशियर आधारित नदियों से जोड़ने के प्रयास किए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इसका लाभ उत्तराखण्ड सहित पूरे देश को मिलेगा। श्री धामी ने इसके लिये उत्तराखण्ड सहित अन्य मध्य क्षेत्रीय राज्यों को केंद्र सरकार से तकनीकि औरं वित्तीय सहयोग दिये जाने की जरूरत बताई। नई टिहरी में कल मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार ने प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को राष्ट्रीय महिला आय से लगभग दोगुना करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकार उत्तराखण्ड को उत्कृष्ट और आदर्श राज्य बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं को मजबूत करने की जरूरत पर जोर देते हुए श्री धामी ने कहा कि राज्य में आपदाओं को कम से कम करने और इनके प्रति बचाव के लिए

विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए राज्य में एक मजबूत मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और डॉप्लर रडार से युक्त अवस्थापना करने की जरूरत बताई।

बदरीनाथ एवं केदारनाथ दर्शन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भगवान बदरीनाथ और बाबा केदारनाथ के दर्शन कर विश्व में सुख समृद्धि और जन कल्याण की कामना की। श्री आदित्यनाथ ने आज सुबह बदरीनाथ के ब्रह्मकपाल में पितृ तर्पण कर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किया। इसके पश्चात वे केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए। उन्होंने बाबा केदारनाथ में भी विशेष पूजा अर्चना की। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ और बदरीनाथ में आस्था के उमड़ते सैलाब में पर्यटन–तीर्थाटन सहित नये भारत की तस्वीर साफ झलकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प, प्रेरणा, दूरदृष्टि और मार्गदर्शन से नयी केदारपुरी का पुनर्निर्माण कार्य हुआ है।

लाल धान कटाई

उत्तरकाशी के पुरोला क्षेत्र का मशहूर लाल धान तैयार हो चुका है। इन दिनों पुरोला के कमल और रामा सेंराई में धान की कटाई शुरू हो गई है। जिले के मुख्य कृषि अधिकारी जे.पी तिवारी ने बताया कि पुरोला के करीब दो हजार हेक्टेयर क्षेत्र में लाल धान की खेती होती है। कृषि विभाग ने काश्तकारों को पुरोला के लाल धान का बीज सब्सिडी पर बांटा था। उन्होंने बताया कि गंगा घाटी में विभाग ने सिंचित और असिंचित भूमि पर लाल चावल उगाया गया था जिसकी पैदावार अच्छी रही है। गौरतलब है कि पारंपरिक जैविक तरीके से उगाए जाने वाले इस धान में आयरन, प्रोटीन, पोटैशियम, फाइबर और एंटी ऑक्सीडेट भरपूर मात्रा में रहती है। पुरोला के लाल धान की डिमांड हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में है। हिमाचल के खरीदार लाल चावल को 100 से 140 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदते हैं।

आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम

देहरादून में आयोजित 15वाँ आदिवासी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम आज समपन्न हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय और नेहरू युवा केंद्र, देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, झारखण्ड, बिहार से 200 आदिवासी युवा प्रतिभागी शामिल हुए। इस दौरान प्रतिभागियों को देहरादून के विभिन्न ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया और अनेक शैक्षिक सत्र भी आयोजित किए गए।

बाल विज्ञान महोत्सव

उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून की ओर से चमोली में कल से बाल विज्ञान महोत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन किया जा रहा है। प्रदेशभर में वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में कुल पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन जाएगा, जिसमें पोस्टर प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, कविता पाठन, कविता पाठक (अंग्रेजी भाषा) और विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह सभी प्रतियोगिताएं जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए अलग–अलग आयोजित की जांएगी।

## मौसम

प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले दो दिनों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून ने अगले 48 घण्टों के दौरान गढ़वाल और कुमाऊं में बारिश की संभावना जताई है। इस बीच, प्रदेश में आज आमतौर पर मौसम साफ बना हुआ है। राजधानी देहरादून में आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राज्य के पर्वतीय अंचल में ठण्ड का अहसास होने लगा है। पहाड़ी क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय ठण्ड में बढ़ोतरी होने लगी है।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव डॉ. एस.एस सन्धु ने आज बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए सभी कामों को तय समय के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बद्रीनाथ में सभी बिल्डिंग एक ही डिजाइन से तैयार करने, बद्रीश झील और शेष नेत्र झील का काम इस महीने के अंत तक पूरा करने और आईएसबीटी का काम 10 दिन के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

## एशियाई खेलों

चीन के हांगचोओ में आयोजित हुए एशियाई खेलों का आज समापन हो गया। भारतीय एथलीट ने आज शाम साढे पांच बजे समापन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान हॉकी टीम के गोलकीपर पी. आर. श्रीजेश भारत के ध्वजवाहक थे। इन खेलों में भारत 28 स्वर्ण, 38 रजत तथा 41 कांस्य सहित कुल 107 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा है। भारत ने वर्ष 2018 में जकार्ता में बनाए गए अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को 37 पदकों से पीछे छोड़ दिया है।

## विधिक शिविर

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आज चम्पावत जिले के लोहाघाट स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में बृहद विधिक एवं बहुउद्देशीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में लोगों को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी दी गई। साथ ही समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, उद्यान विभाग, बाल विकास विभाग, एसएसबी, पुलिस सहित लगभग 40 से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाकर केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दी। शिविर में आधार कार्ड, दिव्यांग कार्ड, किसान सम्मान निधि के प्रमाण पत्र आदि बनाए गए। चंपावत की जिला जज कहकशा खान ने बताया कि शिविर में दिव्यांग लोगों को प्रमाण पत्र, बैसाखी, कान की मशीन, व्हील चेयर आदि उपकरण और अटल आवास के चेकों का वितरण भी किया गया।

## जन जागरूकता मेला

उत्तरकाशी जिले में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत आजीविका संवर्द्धन की योजनाओं के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के लिए मोरी में आज आजीविका मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों व अन्य संगठनों की ओर से स्टॉल लगाकर स्वरोजगार और आजीविका संवर्द्धन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई।

लोक सेवा आयोग

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने कृषि, उद्यान और पशुपालन विभाग में 654 पदों पर *समूह ग* की भर्ती निकाली है। अभ्यर्थी इन पदों के लिए 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयोग द्वारा कृषि अधिकारी के 354 पदों पर भर्ती निकाली गई है, जबकि उद्यान पर्यवेक्षक के 245 पदों और उद्यान निरीक्षक के 27 पदों पर विज्ञप्ति जारी की गई है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट psc.ukgov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।